# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, परिसर, अल्मोड़ा

## सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, छात्र परिषद् निर्वाचन– 2023–24

## अधिसूचना

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के पत्रांक ssju/सा0/2023.24/439 दिनांक 30–10–2023 द्वारा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय छात्र परिषद 2023–24 के निर्वाचन नामित/मनोनीत निर्वाचन अधिकारी के रूप में (अधोहस्ताक्षरी), सोबन सिंह जीना विश्वविद्यायल के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रसंघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों एवं अधिकारों के सुसंगत प्रावधानों का प्रयोग करते हुए आज दिनांक 04–11–2023 को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा करता हूँ। जिसका विवरण निम्नवत् है–

विश्वविद्यालय छात्र परिषद् पदाधिकारियों के निम्नलिखित पद होंगेः–

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | – एक |
| उपाध्यक्ष | – दो (एक छात्र और एक छात्रा) |
| सचिव | – एक |
| संयुक्त सचिव | –एक |
| कोषाध्यक्ष | –एक |

विश्वविद्यालय के परिसरों/समबद्ध महाविद्यालयों से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय छात्र परिषद् का निर्वाचक मण्डल होता है। इसी निर्वाचक मण्डल द्वारा विश्वविद्यलय छात्र परिषद् के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परिसर/सम्बद्ध महाविद्यालयों से विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों (मतदाताओं) की सूची में उल्लिखित मतदाता ही मतदान के लिए प्रतिभाग करेंगे। विश्वविद्यालय छात्र संविधान तथा यह अधिसूचना सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की वेब साइट www.ssju.ac.in में भी उपलब्ध है। प्रत्येक पद हेतु छात्रसंघ संविधान अनुच्छेद 05 में उल्लिखित अर्हताओं को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक पद हेतु वही विद्यार्थी अर्ह होंगे, जिन्होंने लिंगदोह समिति की सिफारिश लागू होने के सत्र 2007–08 से आज तक किसी भी पद के लिए विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय में छात्रसंघ/विश्वविद्यालय परिषद् के लिए चुनाव न लड़ा हो। प्रत्याशी के रूप में समस्त अर्हताएं पूर्ण करने तथा पूर्व में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने का प्रमाण परिसर/महाविद्यालय के परिसर निदेशक/प्राचार्य द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र मूल रूप में नामांकन करते समय प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के नियमों के अन्तर्गत अनिवार्यताएं भी पूरी करनी होंगी। इसके साथ ही प्रत्याशी सत्यापित फोटो, परिचय पत्र एवं संबंधित परिसर एवं महाविद्यालय का संस्थागत छात्र होने का मूल प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेगा। प्रत्याशी को विशविद्यालय प्रतिनिधि निर्वाचित होने का परिसर/महाविद्यालय के परिसर निदेशक/प्राचार्य के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र को भी प्रस्तुत करना होगा। प्रस्ताव तथा अनुमोदक एक पद के लिए केवल एक प्रत्याशी का प्रस्ताव अथवा अनुमोदन करेंगे।

1– नामांकन शुल्क तथा जमानत धनराशि छात्रसंघ संविधान में समय–समय पर तथा संशोधित रूप में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ही लिया जाएगा।

2– चुनाव स्थल एस0 एस0 जे0 परिसर, अल्मोड़ा।

3– चुनाव कार्यकम निम्नवत् है–

कमशः पेज –02

# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, परिसर, अल्मोड़ा

## सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, छात्र परिषद् निर्वाचन– 2023–24

### चुनाव कार्यक्रम

1– **नामांकन तिथिः**– दिनांक 09–11–2023 समय 11:00 बजे पूर्वान्ह से 1:30 बजे अपराहन तक।

2– **नामांकन वापसीः**– दिनांक 09–11–2023 समय 1:45 बजे अपराहन से 2:30 बजे अपराहन तक।

3– **नामांकन पत्रों की जांचः**–दिनांक 09–11–2023 समय 2:45 बजे अपराहन से 3:45 बजे अपराहन।

4– **वैध नामांकन वाले प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशनः**– दिनांक 09–11–2023 समय अपराहन 4 बजे के उपरान्त।

5– **नामांकन, मतदान एवं मतगणना का स्थानः**– जन्तु विज्ञान विभाग, एस0 एस0 जे0 परिसर, अल्मोड़ा।

6– **नामांकन हेतु पदः**–

अध्यक्ष (एक पद), उपाध्यक्ष (एक पद), उपाध्यक्ष छात्रा (एक पद), सचिव (एक पद), संयुक्त सचिव (एक पद) व कोषाध्यक्ष (एक पद)।

7– **नामांकन व बूथ के अधिकारीः**–

**प्रो0 गीता खोलिया, संयोजक**

**डॉ0 संजीव आर्या, डॉ0 मनोज कुमार बिष्ट, डॉ0 डी0 पी0 यादव, डॉ0 प्रतिभा फुलोरिया, डॉ0 कुसुमलता आर्या डॉ0 साक्षी तिवारी, डॉ0 पुष्पा वर्मा, डॉ0 योगेश मैनाली, डॉ वंदना**

8– **मतदान तिथिः**– दिनांक 10–11–2023 समय 11:00 बजे से अपराहन 1:30 बजे तक।

9– **मतगणनाः**– मतदान केन्द्र पर मतदान के तुरन्त बाद।

10– **चुनाव परिणामों की घोषणाः**– उसी दिन चुनाव परिणाम मिलने के बाद।

11– **शपथ ग्रहणः**– उसी दिन परिणाम के तुरन्त बाद।

**नोटः**– उपरोक्त सभी कार्यक्रम चुनाव अधिकारी की घड़ी के समय के अनुसार सम्पादित होंगे।

(प्रो0 शेखर चन्द्र जोशी)
चुनाव अधिकारी

## छात्र परिषद् निर्वाचन कार्यक्रम (सत्र 2023–24)

2– प्रत्याशियों का नामांकन–दिनांक 09–11–23 समय 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक

3– नामांकन वापसी – दिनांक 09–11–23 समय 1:45 बजे से 2:30 बजे अपराह्न तक

4– नामांकन पत्रों की जांच– दिनांक 09–11–23 समय 2:45 बजे से 3:45 बजे अपराह्न तक

4– अर्ह प्रत्याशीयों की सूची का प्रकाशन– दिनांक 09–11–2023 को 4:00 बजे

7– मतदान– दिनांक 10–11–23 पूर्वान्ह 11:00 बजे से 1:30 बजे तक

8– मतगणना– दिनांक 10–11–23 को मतदान के तुरन्त बाद

5– परिणाम की घोषणाः– दिनांक 10–11–2023 को परिणाम घोषित होने के उपरान्त

चुनाव अधिकारी
मो0 न0 9719332735

पृ0सं0 / चु0अ0 / छात्र परिषद / 2023

दिनांक 04–11–2023

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचार पत्रों में निःशुल्क लोकहित / जनहित / छात्रहित में इस विज्ञप्ति को प्रकाशित करने का कष्ट करें–

1– अमर उजाला, अल्मोड़ा।
2–दैनिक जागरण, अल्मोड़ा।
3– उत्तर उजाला, अल्मोड़ा।
4– दैनिक हिन्दुस्तान, अल्मोड़ा।
5– राष्ट्रीय सहारा, अल्मोड़ा।
6– दैनिक आज, अल्मोड़ा।

चुनाव अधिकारी
मो0 न0 9719332735